तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 होली पर छलका उत्साह, रंगों से सराबोर रहे लोग





11 आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराएं




## त्योहार : जिले में होली पर दिखा भारी उत्साह, दिनभर उड़ते रहे गुलाल, बरसते रहे रंग

# तीन दिन में 9.50 करोड़ की शराब गटक गए मदिरा प्रेमी, मांसाहार पर 4 करोड़ रुपए खर्च











हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर सहित जिले के विभिन्न गांवों में रंगो का त्योहार होली हर्षोल्लास एवं दिल खोल कर मनाया गया। समूचे जिले में आमजनों ने जी भर के रंग गुलाल खेला और एक दूसरे को बधाई देते हुए नगाड़े की थाप पर थिरकते रहे। हालांकि त्यौहार के दौरान सड़क हादसे में 1 व्यक्ति की मौत भी हुई, वहीं दर्जन भर लोग घायल हुए। इस दौरान पुलिस प्रशासन की जिले के हर क्षेत्र में मोर्चाबंदी रही और पुलिस जवान दिन भर और देर रात तक करते रहे पेट्रोलिंग करते रहे। इसके कारण विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष जिले में होली पर्व शांतिपूर्वक मनाया गया। इसी तरह उल्लास इतना ज्यादा था कि लोग 9 करोड़ 45 लाख की शराब भी गटक गए। इसी तरह पूरे जिले में लगभग 4 करोड़ से अधिक की मुर्गा-मटन और बकरे की खरीदी लोगों ने की।

जिला मुख्यालय सहित गांव गांव में रंगों के त्यौहार के लिए तैयारी पहले से कर ली थी।सोमवार को सुबह होते ही लोगों ने विभिन्न रंगों गुलालों से एक दूसरे को सराबोर करते हुए बधाई देने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान जिला मुख्यालय के विभिन्न वार्डों के गलियों में लोगों ने अलग-अलग समूह में रंगों के त्यौहार को दिल खोल कर मनाया। वहीं, महिलाओं ने भी इस पर्व का समूह में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान शाम को फाग गीत का आयोजन भी जिला मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। खास तौर पर होली को लेकर बच्चे व युवा वर्ग ज्यादा उत्साहित थे। वहीं, होली त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सतत गांव-गांव में पेट्रोलिंग कर शांतिपूर्वक होली त्यौहार मनाने की भी अपील की गई थी। अंचल के सभी ग्रामीण जनों द्वारा प्रशासन को सहयोग करते हुए होलिका दहन शांतिपूर्वक किया गया।

### पुलिस की रही चाक-चौबंद व्यवस्था, जिले में अवैध शराब सहित मारपीट के 11 मामले दर्ज





### नेताओं ने समर्थकों व नागरिकों के साथ खेली होली

जिले में राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी अपने समर्थकों व नागरिकों के साथ जमकर होली खेली। नवागढ़ क्षेत्र के विधायक और प्रदेश के मंत्री दयाल दास बघेल ने अपने गृह ग्राम कुरा में क्षेत्र के लोगों के साथ होली खेली। वहीं, नगाड़े बजाते हुए जमकर गुलाल उड़ाए। इसी तरह बेमेतरा विधायक दीपेश साहू व साजा विधायक अपने अपने क्षेत्र में होली मनाया। इस दौरान निवास और कार्यालय में लोगों का ताता लगा रहा। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, अवधेश चंदेल ,किसान नेता योगेश तिवारी ने भी होली का आयोजन किया था और नगाड़े की थाप पर क्षेत्र के लोगों के साथ थिरकते रहे। बता दें कि हर वर्ष नेता हर त्यौहार में आयोजन करते हैं, परंतु इस बार चुनावी वर्ष होने के चलते होली का यह त्यौहार अलग ही अंदाज में रहा। इसी तरह कलेक्टर रणवीर शर्मा के निवास में भी बड़े धूमधाम से होली मनाया गया। इस दौरान आम नागरिक के साथ-साथ सामाजिक सहित पत्रकार शामिल रहे।

### शराब व मांस-मछली की बिक्री जोरों पर

इस बार रंगों का त्योहार इतना जबरदस्त और जोरदार रहा कि जिले में जमकर मदिरा प्रेमियों ने शराब का सेवन किया है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी अनुसार 23 और 24 मार्च होलिका दहन और होली के दूसरे दिन 26 मार्च के इन 3 दिनों में 9 करोड़ 45 लाख की देसी और विदेशी शराब की बिक्री हुई है। इनमें 23 मार्च को दो करोड़ 95 लाख, 24 मार्च 4 करोड़ 65 लाख वहीं होली के दूसरे दिन 26 मार्च को एक करोड़ 85 लाख रुपए कि शराब मदिरा प्रेमियों ने जिले की दुकानों से खरीदी है। इस तरह जिले के शराब शौकीन इन 3 दिनों में 9 करोड़ 45 लाख की शराब गटक गए। वहीं, पूरे जिले में 4 करोड़ रुपए खर्च कर मुर्गे, बकरे और मछली की खरीदी का अनुमान लगाया गया है। मांस मछली विक्रेताओं ने बताया कि लगभग 1 लाख 50 हजार से ज्यादा मुर्गे इस बार होली के 2 दिनों में बिके हैं। इसी तरह मछलियां और बकरे की भी बिक्री जमकर की गई है। होली त्यौहार के दिन शराब और मांस मछली में ही लगभग 13 करोड़ से अधिक रुपए इन चीजों के शौकीनों ने खर्च कर डाले हैं।







### सड़क हादसे में 3 की मौत, दर्जनभर घायल, मारपीट के 11 मामले दर्ज

होली के रंग में दुखद सड़क हादसे भी हुए, जिनमें 1 व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं लगभग एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नवागढ़ साजा बेमेतरा ब्लॉक के चौकी थानों में मारपीट, अवैध शराब दर्जन भर मामले भी दर्ज हुए हैं, जिस पर पुलिस अपराध दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालकों की लापरवाही से तीन सड़क हादसों में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए। वहीं, थान खमरिया थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। खबर के मुताबिक साजा रोड नाले के समीप दो मोटरसाइकिल सवारों में जबरदस्त टक्कर हुई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दो अन्य घायल हो गये। इसी तरह समीपस्थ ग्राम गौरमाटी व पतोरा मोड़ के पास शराब के नशे में चूर सड़क हादसे में चार अन्य लोग जख्मी हो गए। कुछ लोगों को राजधानी रेफर किया गया। कुछ का प्राथमिक उपचार पश्चात अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। घटना होली पर्व सोमवार की है जहाँ विपरी दिशा से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवारों व एक स्कूटी के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। घटना में दोनों वाहन चकनाचूर हो गए। घटना दोपहर की है। मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्ति आधे घंटे तक सड़क पर ही पड़े रहे। 108 को सूचना दी गयी पर वे समय पर नहीं पहुँचे। स्थायनीय पुलिस घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। घायलों का प्राथमिक उपचार कर दो गंभीर व्यक्ति को राजधानी रेफर किया गया, परंतु अस्पताल पहुँचने पहले ही कबीरधाम जिले के समीपस्थ ग्राम कोटगांव निवासी लिकेश्वर सतनामी की मौत हो गई। उनके सीने व सिर पर अंदरूनी चोट लगी थी, जबकि एक अन्य व्यक्ति का पैर पूरी तरह से टूट चुका था, जिसे भी रेफर किया गया था। होली का हादसे भरा रहा। इसी प्रकार दो अन्य सड़क हादसों में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए। वहीं, कुछ स्थानों पर मारपीट की घटनाओं की भी खबर है।

## खबर संक्षेप

### पांच किलोग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार



**बेमेतरा।** बेरला पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दो युवकों को मादक पदार्थ गांजा के साथ पकड़ा है। आरोपी पान मसाला के बैग में तथा एक बिना नंबर की सोल्ड स्कूटी में उक्त गांजा रखकर ग्राहक की तलाश कर रहे थे, इसी दौरान पुलिस ने उन्हें दबोचा। आरोपियों के कब्जे से 5 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबीर की सूचना पर लिमाही चौक बहेरा में परमेश्वरी ढाबा के पास दबिश दिया गया। यहां एक लाल रंग की बिना नंबर सोल्ड स्कूटी में पान मसाला गुटखा के बैग एवं एक नीले रंग के बैग में अवैध गांजा रखकर आरोपी जुम्मन खान पिता वाहिद खान 23 वर्ष निवासी वार्ड नं. 04 कृष्णा नगर सुपेला थाना सुपेला जिला दुर्ग, मनीष बसोर पिता देवीप्रसाद बसोर 28 वर्ष निवासी कृष्णा नगर मालदार भवन के पास सुपेला भिलाई जिला दुर्ग के कब्जे से 5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। उक्त कार्यवाही थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक सुखेलाल बंजारे, दिनेश मंडावी, आरक्षक शिव यादव, सुरेन्द्र जांगडे, दिनेश निषाद, प्रमोद बंजारे, रामेश्वर पटेल एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

### बोरसी में तीन दिवसीय रामायण सम्मलेन 30 से

**बेमेतरा/रायपुर।** बेरला विकासखंड के ग्राम बोरसी में 30 मार्च से तीन दिवसीय रामायण सम्मलेन समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति के देवेन्द्र साहू ने बताया कि सम्मेलन में दूर-दूर से रामायण मण्डलियां शामिल होंगी, जो रामायण की भावपूर्ण प्रस्तुति देंगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मण्डली को आयोजन समिति की ओर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रूपये दिए जायेंगे। रामकथा का आनंद उठाने आसपास के गांवों से भी लोग परिवार के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम बोरसी के साथ ही आस-पास के कुछ अन्य गाँवों में भी रामायण समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिससे अंचल में राम नाम का भक्तिमय वातावरण दिखाई दे रहा है।

### जिला धोबी समाज का चुनाव 31 को देवादा में

**बेमेतरा।** 31 मार्च को ग्राम देवादा में भिंभौरी राज धोबी समाज के विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं सामाजिक महाअधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही लोकतांत्रिक विधि से बेमेतरा जिला धोबी समाज का जिला अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष पद पर लोकतांत्रिक विधि से चुनाव कराया जाएगा। इसमें सभी राज एवं परिक्षेत्रों से पांच-पांच समाज प्रमुख अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। समाज के मुख्य प्रदेश चुनाव अधिकारी पीपी बलभद्र द्वारा जिला चुनाव अधिकारी नरेंद्र निर्मलकर एवं सह प्रभारी नंदकिशोर निर्मलकर को बनाया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा अधिघोषणा एवं टाइम टेबल सामाजिक ग्रुपों में जानकारी दी जा चुकी है। सामाजिक अभ्यर्थी अपना नामांकन दाखिल कर रहे हैं जिला चुनाव प्रभारी ने चार सह ब्लॉक चुनाव प्रभारी की नियुक्ति की है, जिसमें बेमेतरा ब्लाक से हृदय राम निर्मलकर, साजा ब्लॉक नेमी राम रजक, नवागढ़ ब्लॉक अवध राम रजक एवं बेरला ब्लॉक योगेश निर्मलकर की नियुक्ति की गई है जिसके पास अभ्यर्थी अपना नामांकन दाखिल कर रहे हैं। मतदान के पश्चात मतगणना कर कार्यक्रम स्थल पर घोषणा कर तत्काल शपथ ग्रहण कराया जाएगा।

## एसडीएम ने हरदी स्कूल का किया निरीक्षण, प्रधानपाठक को नोटिस



**बेमेतरा।** अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी विकासखंड बेरला पिंकी मनहर ने बुधवार को मतदान केंद्र एवं पूर्व माध्यमिक शाला हरदी का निरीक्षण किया। स्कूल में प्रधान पाठक अनुपस्थित थे। स्कूल के बच्चों ने बताया कि उनके द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषयों की कक्षाएं भी नहीं लेते हैं। संबंधित प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। सुश्री पिंकी ने स्कूल की जरूरी सुविधाओं की जानकारी ली। बच्चों से पढ़ाई/लिखाई आदि की बारे में पूछा। लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए माध्यमिक शाला हरदी में मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शौचालय में रनिंग वॉटर, पेयजल,बिजली आदि व्यवस्था भी देखी।

## आज एक लाख से ज्यादा महिलाएं लेंगी मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा जिला अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन 2023 में 63 मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत 70 प्रतिशत

- ज़िला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम
- जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत व जनपद स्तर पर भी होंगे कार्यक्रम

से कम रहा था। इसे देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने को लेकर यथा संभव प्रयास कर रहा है । इसके तहत 28 मार्च को जिला स्तर पर मंडी प्रांगण बेमेतरा में महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया जाएगा।



तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल ने कलेक्टरेट के दिशा सभा कक्ष में बैठक ली। बैठक में जिला स्तर पर मंडी प्रांगण बेमेतरा में आयोजित कार्यक्रम की रुपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि इसी दिन प्रत्येक नगरीय निकाय एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड स्तर पर भी एक निश्चित समय दोपहर 12 बजे एक साथ वृहद् संख्या में महिला मतदाता शपथ कराया जाना है। प्रत्येक स्तर पर लोकसभा आम निर्वाचन के आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाएगा। शपथ दिलाए जाने का कार्य किसी सरकारी कर्मचारी या गैर राजनैतिक व्यक्ति के माध्यम से ही कराया जाएगा। नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर निर्धारित प्रारूप में केवल मतदाता शपथ का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर बड़ा कार्यक्रम ज़िला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगा। इसमें रंगोली, मेहंदी, क्विज, आदि शुरू हो जाएगा। दोपहर 12 बजे एक निश्चित समय पर प्रत्येक नगरीय निकाय और प्रत्येक ग्राम पंचायत व जनपद स्तर पर मुख्यालय में तथा इसके प्रत्येक वार्ड में पूरे जिले में एक साथ 1 लाख से अधिक महिला मतदाताओं का मतदाता शपथ का लक्ष्य रहेगा ।

### मुजालगोंदी में मिली युवक की लाश

**गुरूर।** पुरुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुजालगोंदी गाड़िया बांध पहाड़ के नीचे एक युवक की लाश पुलिस ने बरामद की है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुरुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष है। वहीं उसकी दाहिने भुजा में गोदने से बिच्छू का निशान है तथा बाएं हाथ में गोदने से मन्नू प्रीति तथा सीने पर एम प्लस एल लिखा है। पुलिस ने अज्ञात शव बरामद कर उसकी शिनाख्त करने सोशल मीडिया में फोटो शेयर किया है। मृतक की शिनाख्त होने और पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त ये भी होंगे

# वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। मतदाता मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

मतदाता यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। बशर्ते उसका नाम मतदाता सूची में होना चाहिए। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है।



मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं के आधार पर ही पहचाना जाएगा।


हरिभूमि पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### डायरिया पीड़ितों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे पंकज



रायपुर। रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक प्रत्याशी रहे कांग्रेस नेता पंकज शर्मा रविवार को मेकाहारा एवं जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने डायरिया से पीड़ित लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ डॉ. राकेश गुप्ता एवं अरुण केडिया भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत लभांडी संकल्प सोसायटी एवं आसपास डायरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है। अब तक 100 से अधिक मरीज इससे पीड़ित हो चुके हैं, जिन्हें उपचार के लिए मेकाहारा एवं जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ितों में बुजुर्ग के साथ-साथ बच्चे भी शामिल हैं।

### बच्चों को ट्रैफिक रूल्स और रेगुलेशन की दी जानकारी

रायपुर। कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रायपुर के एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम सेमरिया में विगत दिनों शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान नियमित रूप से प्रभातफेरी, योगा, व्यायाम, सफाई अभियान तथा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर टैफिक पुलिस टीके भोई ने बच्चों को ट्रैफिक रूल्स और रेगुलेशन पर जानकारी दी। इसी दौरान संचुरी सीमेंट कॉलेज के सहायक प्रध्यापक डॉ. कमलेश धीवर ने भारत की हानिरहित पौराणिक तकनीकी ज्ञान-वैदिक पद्धति पर व्याख्यान और नशामुक्ति केंद्र रायपुर द्वारा नशे से होने वाली समस्या एंव समाधान पर व्याख्यान दिया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी टोमेश्वर कुमार धीवर ने बताया कि इस शिविर में संस्था के सचिव हरजीत सिंह हूरा, कोलंबिया टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ. प्रो. एसके मौलिक, ग्राम सेमरिया के सरपंच मनीष नारंग, सहायक शिक्षक उदय कुमार रजक आदि शामिल थे।

### लाउडस्पीकर का उपयोग की अनुमति के लिए सक्षम प्राधिकारी नियुक्त

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए छग कोलाहल अधिनियम 1985 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउड स्पीकर के उपयोग के संबंध में जारी किये गये प्रतिबंधात्मक आदेश के संदर्भ में प्रदत्त अधिकार का उपयोग कर चुनाव प्रचार सभाओं के आयोजन, सभाओं में लाउड स्पीकरों के उपयोग, प्रचार वाहनों में लाउड स्पीकर के उपयोग, जुलुस के मार्ग निर्धारण, जुलुस निकालने की अनुमति देने के संबंध में नगर पालिक निगम रिसाली भिलाई के आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया है। इनके लिंक अधिकारी संयुक्त कलेक्टर दीपक निकुंज रहेंगे। जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार नियुक्त सक्षम प्राधिकारी अपने कार्यालय में अनुमति हेतु प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों की प्राप्ति पंजीबद्ध करेंगे। चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा।

# निवेश में सोना ही दे रहा सबसे ज्यादा रिटर्न, डेढ़ साल में कीमत बढ़ी 19 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

आम आदमी अपनी बचत में से निवेश के लिए कई तरह के तरीके अपनाता है। लेकिन निवेश में सबसे ज्यादा फायदा कहां है इसकी जानकारी कम लोगों को रहती है, इसलिए लोग जहां की जानकारी मिलती है, वहां पर निवेश कर देते हैं। लेकिन जानकार सबसे ज्यादा निवेश सोने में करते हैं। सोना ही निवेश के लिए सबसे खरा है। इसमें सबसे ज्यादा रिटर्न मिलता है। जिस तरह से सोने की कीमत में पिछले एक साल से तेजी देखी जा रही है, उससे साफ है कि इसमें निवेश करने वालों की चांदी होती है। पिछले डेढ़ साल में सोने की कीमत में 19 हजार का इजाफा हुआ है। यानी करीब 25 फीसदी रिटर्न मिला है। इसके मुकाबले पिछले एक साल के दूसरे रिटर्न देखें तो इक्विटी ने 15 फीसदी, लिक्विड फंड ने 6.25 फीसदी और एफडी ने सात फीसदी का रिटर्न दिया है। प्रॉपर्टी में 12 से 15 फीसदी रिटर्न मिलता है।

**पांच साल में सोने की कीमत हो गई डबल से भी ज्यादा, 2018 में कीमत थी 30200, अभी कीमत 68600 रुपए**

### डेढ़ साल में सोना 19 हजार हुआ महंगा

2022 में धनतेरस और पुष्य नक्षत्र और दीपावली के समय राजधानी रायपुर में सोने की कीमत 50 हजार दो सौ रुपए थी, पिछले साल धनतेरस पर 63 हजार रही। यानी एक साल में कीमत में 13 हजार का इजाफा हुआ। इतना इजाफा पहले कभी किसी साल नहीं हुआ था। बीते साल कीमत में लगातार इजाफा होने से पहले कीमत 55 हजार के पार हुई। इसके बाद देश में सोना पहली बार इस साल 60 हजारी हुआ और इसके बाद सोना 63 हजारी की राह पर चला और अंत में यह 63 हजार के भी पार हो गया। बीते साल के अंत में सोना 65 हजार रहा नए साल में भी सोने की कीमत 65 हजार के पार रही। इसके बाद कीमत लगातार बढ़ते हुए अब 69 हजार के करीब पहुंच गई है।



### शेयर बाजार ज्यादा भरोसेमंद नहीं

शेयर बाजार में भी यूं तो फायदा होता है, लेकिन यह ज्यादा भरोसेमंद नहीं है। जानकारों के मुताबिक पिछले तीन सालों में इसमें करीब 25 फीसदी तक का रिटर्न मिला है, लेकिन पिछले साल की बात करें तो इसका प्रतिशत 15 रहा है। इसके अलावा एफडी की बात करें तो अब इसके ब्याज में इजाफा हुआ है। पहले इसमें रिटर्न 5.5 से छह फीसदी ही था। अब यह सात फीसदी से ज्यादा हो गया है, लेकिन सोने के मुकाबले में कोई भी सेक्टर बेहतर नहीं है। सराफा कारोबारी हरख मालू के मुताबिक सोने की कीमत पांच साल में डबल से भी ज्यादा हो गई है।

### प्रॉपर्टी में फायदे का सौदा

सोने के बाद निवेश के लिए लोग प्रॉपर्टी को सबसे अच्छा मानते हैं। रियल एस्टेट में बने मकानों की कीमत तो साल भर में करीब 12 से 15 फीसदी तक बढ़ती है, लेकिन प्लॉट की कीमत में ज्यादा इजाफा होता है। बिल्डर शैलेश वर्मा के मुताबिक प्लॉट की कीमत हर हाल 20 फीसदी तक बढ़ जाती है। यही वजह है कि लोग निवेश प्लॉट में ज्यादा करते हैं।

## नए सत्र में होगी 36 सौ करोड़ की कमाई पर पुराना घाटा 8046 करोड़ का


# अप्रैल में नहीं जून में जारी होगा नया टैरिफ

**घरेलू को छोड़ बाकी को लगेगा महंगी बिजली का झटका**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश के करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ताओं के लिए तो यह बड़ी राहत की बात है कि उनको नए सत्र में महंगी बिजली का झटका नहीं लगेगा, लेकिन बाकी वर्ग को महंगी बिजली का करंट जरूर लगना तय है। पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को जो लेखा-जोखा भेजा है, उसमें उसको नए सत्र में 36 सौ करोड़ का फायदा तो हो रहा है, लेकिन पुराना घाटा 8046 करोड़ का होने के कारण कंपनी ने आयोग को घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़कर बाकी वर्ग में घाटे की पूर्ति के लिए टैरिफ बढ़ाने की मांग रखी है। ऐसे में तय है कि बाकी वर्ग के लिए नए सत्र में बिजली महंगी हो जाएगी। अब नियामक आयोग अंतर की जो राशि मंजूर करेगा, उसके हिसाब से ही टैरिफ में बदलाव होगा। नए टैरिफ को लेकर जनसुनवाई हो चुकी है। आचार संहिता के कारण इस बार अप्रैल के स्थान पर लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद जून में नया टैरिफ जारी होगा।



हर साल के टैरिफ के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी बिजली नियामक आयोग को दिसंबर में अपना लेखा-जोखा भेजती है, लेकिन इस पर समय पर याचिका नहीं लग सकी। ऐसे में पॉवर कंपनी को याचिका के लिए नोटिस जारी कर दिया गया था। ऐसे में पॉवर कंपनी ने पहले ऑनलाइन और इसके बाद ऑफलाइन अपनी याचिका लगा दी थी। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने नए सत्र के लिए अपना लेखा-जोखा नियामक आयोग को भेजा है। पॉवर कंपनी ने अपनी याचिका में घरेलू को छोड़कर बाकी वर्गों का टैरिफ बढ़ाने की मांग रखी है।

### 3000 करोड़ से ज्यादा फायदा

पॉवर कंपनी ने जो लेखा-जोखा भेजा है, उसमें पॉवर कंपनी ने जहां अपना खर्च 1799.46 करोड़ बताया है, वहीं कमाई 21616.77 करोड़ बताई है। ऐसे में 3626.31 करोड़ का फायदा हो रहा है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि पुराना घाटा बहुत ज्यादा है। जहां पहले का घाटा करीब 4848.91 करोड़ का है वहीं पिछले सत्र में बताया गया 2924.53 करोड़ का भी घाटा है। कुल मिलाकर 8046.66 करोड़ का घाटा है। इसमें 3626.31 करोड़ की कमाई को कम करने के बाद भी 4420.35 करोड़ की कमी हो रही है। इसी कमी को पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा करने की मांग है।

### आयोग तय करेगा टैरिफ

आयोग के पास याचिका लगने के बाद अब आयोग पहले वितरण कंपनी के साथ ही उत्पादन और ट्रांसमिशन कंपनी का भी पूरा लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि कंपनी को वास्तव में खर्च के लिए कितने राजस्व की जरूरत है और उसको वास्तव में बिजली बेचने के कितना राजस्व मिलेगा। इसी के साथ पुराना घाटा कम करने के बाद वास्तव में उसकी पूर्ति के लिए कितने अतिरिक्त राजस्व की जरूरत पड़ेगी। इसके बाद जनसुनवाई होगी और फिर नया टैरिफ तय होगा। इसमें आयोग अंतर की राशि की पूर्ति के लिए तय करेगा किस वर्ग के टैरिफ में कितना इजाफा होगा। आयोग पुराने घाटे को एक के स्थान पर इससे ज्यादा बार में भी पूरा करने का फैसला कर सकता है। ऐसा होने से टैरिफ में कम इजाफा होगा।

# लोस निर्वाचन 2024 की तैयारियों का कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु बीएलओ के प्रशिक्षण में शामिल हुईं। एआरओ हरवंश मिरी की अध्यक्षता में यह प्रशिक्षण बीआईटी दुर्ग में संपन्न हुआ। कलेक्टर ने इस मौके पर बूथ लेवल ऑफिसर्स से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कोई भी दिव्यांगए थर्ड जेण्डरए एवं सिनियर सिटीजन 85 वर्ष से अधिक मतदाता मतदान करने से वंचित न होने पाए। हर क्षेत्र से शत-प्रतिशत मतदान करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को नगर निगम एवं स्कूलों के वालिनटियर्स के सहयोग से सभी विधानसभा क्षेत्रों में इन वर्गों के लोगों का आकलन कर इनके लिए मतदान सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने को कहा। निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त किए गए अधिकारी कर्मचारियों को आपस से समन्वय बनाकर कार्य करने कहा।साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बिजली, व्हील चेयर एवं छायादार विश्राम स्थल की व्यवस्था हो, जहां पर बुजुर्ग, बीमार, मतदाताओं के साथ आए छोटे बच्चे एवं गर्भवती महिलाएं विश्राम कर सके। केंद्रों में एएनएम और वालिंटियर भी रहेंगे।

### मतगणना केंद्र का लिया जायजा

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं एसपी जितेंद्र शुक्ला ने अधिकारियों के साथ मतगणना केंद्र शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज दुर्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री चौधरी ने मतगणना केंद्र की संपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। उन्होंने मतगणना के दौरान आवश्यक तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मिडिया बॉक्स को मतगणना केंद्र के और पास बनाने कहा ताकि जनता तक समय में मतगणना संबंधित जानकारी पहुंच सके। उपनिर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने सभी तैयारियों के बारे में कलेक्टर को विस्तार से बताया एवं शांतिपूर्ण कार्य निष्पादन का आश्वासन भी दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन, आयुक्त नगर निगम भिलाई देवेश ध्रुव, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

# कांग्रेस की बची चार सीटों पर कई दावेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस ने 7 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, चार सीटें अब भी बाकी हैं। शनिवार को कांग्रेस की चौथी लिस्ट जारी की गई। इसमें छत्तीसगढ़ के लिए केवल एक ही उम्मीदवार का नाम था। बस्तर लोकसभा सीट से सीनियर नेता कवासी लखमा को उतारा गया है। जानकारी के अनुसार, बची हुई चार सीटों पर सिंगल नाम नहीं होने के कारण कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं घोषित किए हैं। इन सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर कांग्रेस में मंथन चल रहा है।

चौथी सूची में कांग्रेस ने बस्तर से केवल एक सीट पर पूर्व मंत्री कवासी लखमा को उतारा है। यहां पर 27 मार्च तक नामांकन दाखिल होना है। होली के चलते अब दो दिन नामांकन के लिए शेष हैं। ऐसे में कांग्रेस ने यहां से उम्मीदवार की घोषणा कर दी है, शेष सीटों में कांकेर सीट में चुनाव दूसरे चरण में होगा। बाकि बची तीन सीटों में तीसरे चरण में चुनाव होना है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के सारे नाम 27 मार्च तक घोषित किए जा सकेंगे।



### लखमा को बनाया बलि का बकरा- साय

कांग्रेस ने बस्तर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री और कोंटा विधायक कवासी लखमा को अपना उम्मीदवार बनाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस में प्रत्याशी नहीं मिल रहे। मिला हुआ टिकट वापस कर रहे हैं। कोई नहीं मिला, तो कवासी लखमा को बलि का बकरा बना रहे हैं।

### महिला पर खेल सकती है दांव

सरगुजा लोकसभा सीट पर दावेदारों को लेकर कांग्रेस मंथन कर रही है। फिलहाल इस सीट से शशि सिंह और मधु सिंह का नाम सबसे आगे चल रहा है। सरगुजा में भाजपा ने चिंतामणि महराज को को मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले के लिए पैकरा समाज के प्रत्याशी पर कांग्रेस की नजर है।

### कांकेर से लड़ सकते हैं बैज

बस्तर लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद दीपक बैज का टिकट काट दिया गया है। दीपक बैज अभी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी इस बार उन्हें कांकेर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा सकती है। कांकेर लोकसभा सीट में दीपक बैज के अलावा बीरेश ठाकुर और पूर्व मंत्री मोहन मरकाम का भी नाम शामिल है।

### बिलासपुर से ओबीसी

बिलासपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। यहां पैनल में दो नाम होने के कारण फैसला नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार इस सीट से विधायक देवेन्द्र यादव का नाम सबसे आगे है। वहीं, यहां से विष्णु यादव के नाम की भी चर्चा है।

### रायगढ़ से तीन नाम

रायगढ़ लोकसभा सीट पर तीन दावेदारों के नाम सामने आए हैं, इस कारण से पार्टी अभी तक फैसला नहीं कर पाई है। यहां से जय माला सिंह, लालजीत सिंह और चक्रधर सिदार का नाम शामिल है।

# ओए ने सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

**■ नए अधिकारियों को भेंट की डायरी**

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा मार्च में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान किया। प्रगति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में ओए से सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। ओए द्वारा एजीएम अमलेंद्र कुमार,सूर्यकांत फटींग, मनोज पाटिल, सीनियर मैनेजर अमियो कुमार घोष, दयाराम अग्रवाल, रविंद्र कुमार महाराणा को चेक व पौधे भेंटकर सम्मान किया गया। सभी ने अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया।

श्री बंछोर ने कहा कि यह सभी अधिकारियों ने 11 बार पीएम ट्राफी जीतने में योगदान दिया है। यह आपके दीर्घ व उत्कृष्ट योगदान का सम्मान है। ओए मेडिकल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कोई कोरकसर नहीं छोड़ेगा। महासचिव परविंदर सिंह ने अधिकारियों के सेवाका में किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नए अधिकारियों अजय कुमार, आशीष कुमार, चौधरी, अंकुर वर्मा, अक्षय कुमार, अभिषेक कुमार, जी गौतमन, वेंकटपति राजू, सुमित कुमार, आशुतोष प्रधान, अल फहद खान,शशांक शर्मा, गिरीश शोभवानी, दीपक पार्या, नवनीत चौहान, सनत कुमार महापात्रा, सूरज वर्मा और अदवध नागेधर को डायरी देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन विजय देशमुख ने किया। कार्यक्रम में ओए ओए के कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, सेफी नामिनी अजय कुमार, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव जेपी मिश्रा, संजय तिवारी सहित जोनल प्रतिनिधि रेमी थामस, संतोष सिंह, एमए आर, पिजूष सेन, निखिल पेठ, राधा किशुन, एनके गुप्ता, अभिषेक कोचर, एससी साहू, विवेक गुप्ता, राजेंद्र मंत्री, पीसी राउल, मिलिंद बंसोड़, एसके बोरकर आदि उपस्थित थे।




### एआरओ ने ली सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर, सुपरवाइजर, बीएलओ की बैठक

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन के परिपेक्ष्य में भारत निर्वाचन आयोग तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 67 अहिवारा, अजा के एआरओ सोनल डेविड द्वारा सेक्टर ऑफिसर, सुपरवाइजर, बीएलओ की संयुक्त बैठक नंदिनी नगर कालेज एवं भिलाई 03 कालेज में ली गई। बैठक में मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने तथा भरी गर्मी के समय मतदान तिथि 7 मई को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केंद्र में पीने का पानी की पर्याप्त व्यवस्था, शाइनए लगाए जाने, दिव्यांग मतदाताओं हेतु रेम्प व व्हीलचेयर की व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था, महिला-पुरुष मतदाता हेतु पृथक-पृथक शौचालय के उपाय करने हेतु निर्देश दिए। सेक्टर अधिकारियों को सेक्टर के अंतर्गत रूट मैप अनुसार मौका जाकर मूलभूत जानकारी एकत्रित करने निर्देशित किया।

# सफाई कामगारों को नहीं मिला चार हजार रुपए का श्रम सम्मान

**नगर निगम, नगरपालिका एवं नगर पंचायतों ने अनदेखी कर कामगारों को आर्थिक लाभ प्रदान कराने में आनाकानी की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगरीय प्रशासन के अधिन तकरीबन 27 हजार प्लेसमेंट सफाई, पानी, बिजली राजस्व आदि विभागों में कामगार नियोजित है एवं मानव बल में सफाई कामगारों की संख्या अधिक है जोकि छग के नगरीय क्षेत्रों को स्वच्छता बनाए रखने हेतु दिन रात परिश्रम कर स्वच्छता में राज्य को अग्रणी रखें हुऐ है एवं स्वच्छता के लिए छग को लगातार अवार्ड मिलता रहा है।

लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण कि पिछले भूपेश बघेल सरकार ने अगस्त 2023 श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी के अतिरिक्त 4000 रूपए श्रम सम्मान राशि भुगतान हेतु वृत्त विभाग महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर द्वारा आदेश जारी हुआ था किन्तु समस्त नगर निगम, नगरपालिका एवं नगर पंचायतों ने अनदेखी कर कामगारों को आर्थिक लाभ प्रदान कराने में आनाकानी किया गया।




नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन ने बताया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 6500 रूपए से 10000 रूपए, सहायिकाओं को 3250 से 5000 रूपए एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की 4500 रूपए से 7500 रूपए मानदेय वृद्धि हुई है एवं समूह स्वच्छता दीदी को 12 प्रतिशत मानदेय में वृद्धि कर 6000 रूपए से 7200 रूपए कर दिया गया इसी प्रकार संविदा कर्मी के वेतन में 27 प्रतिशत वृद्धि हुई, तथा स्कूल अंशकालीन सफाई कामगारों को 500 रूपए अतिरिक्त भुगतान, रसोईयां को 1500 रूपए से 2000 रूपए कर त्वरित आर्थिक लाभ भूपेश सरकार ने प्रदान किया था। प्लेसमेंट सफाई कामगारों ने भूपेश सरकार के पांच साल कार्यकाल में स्वच्छता के लिए कई अवार्ड दिलवाकर सरकार की कद को बढ़ाएं लेकिन सरकार ने लगातार नगरीय निकाय कामगारों की छंटनी, अवैध वेतन कटौतियां, पीएफ, ईएसआईसी में अनियमितता, निकायों की स्थापना व्ययों की अनदेखी कर बेतहाशा तरीके से स्थापना व्यय से ही सरकारी कार्यक्रमों का आयोजन आयोजित करवाकर स्थापना व्यय का बंदरबांट किया गया। जिसके कारण नियमित कर्मचारीयों को भी सेवानिवृत्त उपरांत मिलने वाली नगदीकरण राशि एवं उपादानों की भुगतान नहीं हो पा रहा था तथा बेतहाशा मानव बल कि स्वीकृति प्रदान करने सहित विषम परिस्थितियां पैदा कर कामगारों की उपेक्षा किया गया। श्रम सम्मान राशि के लिए किसी प्रकार से बजट का प्रावधान नहीं किया जा सका। जिससे प्लेसमेंट सफाई कामगार भूपेश सरकार से ख़ासे नाराज थे। नगरीय निकाय प्लेसमेंट सफाई कामगारों ने संचालनालय वृत्त विभाग महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश की क्रियान्वयन कराने हेतु वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, वृत्तमंत्री ओपी चौधरी एवं सांसद विजय बघेल से मांग कर सफाई कामगारों को श्रम सम्मान राशि 4000 रूपए प्रदान कर त्वरित आर्थिक लाभ दिलवाने गुहार लगाई है।

# होली में पंजाब से खपाने लाए अफीम, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

कबीर नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मूलतः पंजाब निवासी एक व्यक्ति तथा रायपुर के एक अन्य व्यक्ति के कब्जे से 140 ग्राम अफीम जब्त कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कबीर नगर टीआई रविंद्र कुमार यादव के मुताबिक मूलतः पंजाब गुरदासपुर निवासी गजन उर्फ गजेंद्र सिंह तथा आरडीए कॉलोनी हीरापुर निवासी अमरजीत सिंह को अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया है। गजन राजनांदगांव के टेडेसरा में पिछले चार महीने से आकर रह रहा है और वह वहां ढाबा संचालित कर रहा है। गजन ढाबे की आड़ में पंजाब से लाकर प्रतिबंधित मादक पदार्थ खपाने का काम कर रहा था। जब्त अफीम की कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है।




### नियमित कस्टमर तक पहुंचाते थे अफीम

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक गजन तथा अमरजीत ने अफीम खपाने कई नियमित ग्राहक तैयार कर लिए थे। गजन अपने इन नियमित कस्टमरों तक अफीम पहुंचाने हर सप्ताह राजनांदगांव से रायपुर आता था। पुलिस के अनुसार होली पर्व के अवसर पर ग्राहकों की विशेष मांग पर गजन अफीम लेकर रायपुर पहुंचा। पुलिस के मुताबिक गजन तथा उसका साथी प्रति दस ग्राम अफीम साढ़े तीन से चार हजार रुपए में बेचने का काम करते थे।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोलिंग में पकड़ाया चोरी का वाहन

**भिलाई।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी कर मेटाडोर लेकर भाग रहे चालक को पुलिस ने पकड़ा है। जब चालक को हाइवे पेट्रोलिंग पुलिस टीम चालक को रोकने का प्रयास किया। मेटाडोर लेकर फरार होने लगा। पुलिस उसका पीछा कर उसे पावर हाउस के पास से पकड़ा। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि 21 मार्च की रात 8 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में पाइंट मिला। मेटाडोर एमएच 40 एम 3797 सफेद रंग का संदिग्ध हालत में जा रहा है। मेटाडोर महाराष्ट्र से चोरी हुआ है। वो भिलाई से निकलकर दुर्ग की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग 2 में ड्यूटी पर तैनात आरक्षक जितेन्द्र मारकण्डेय और आरक्षक नरेन्द्र यादव ने ट्रक पता लगाना शुरू किया। पेट्रोलिंग करते समय वह वाहन रात 11.30 बजे सुपेला के पास दिखी। वाहन को देखते ही पुलिस हाइवे पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। चालक पुलिस को देखकर घबरा गया और उसने वाहन नहीं रोका। इसके बाद उसे पकड़ने के लिए पावर हाउस हाइवे कैंटीन के पास घेराबंदी की गई। तब जाकर वाहन धरा गया। हाइवे पेट्रोलिंग टीम ने वाहन को पकड़ने के बाद छावनी पुलिस के हवाले किया। छावनी पुलिस ने वाहन को जब्त कर ड्राइवर से पूछताछ की। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। महाराष्ट्र पुलिस ड्राइवर को रिमांड पर ले जाने के लिए दुर्ग आएगी।

### नशीली दवाओं के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे के अवैध कारोबार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि दो युवक जीवन रेखा परिसर दुर्ग के राकेश मेडिकल दुकान में नशीली दवा और कैप्सूल खरीदने जाने की सूचना मिली। एसीसीयू की टीम ने घेराबंदी कर मुखबिर की सूचना पर मकान नं. 536/10, सड़क नंबर 4 आशीष नगर, रिसाली ईस्ट निवासी गोवर्दन प्रसाद बंछोर को पकडा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि वार्ड 56 बघेरा दुर्ग निवासी रूस्तम नेताम और वार्ड 10 शंकर पारा दुर्ग अनीष उर्फ सोना राजपूत का नाम बताया। दोनों युवकों की खोजबीन करने पर पुलिस ने दोनों के पास से 1-1 डिब्बा नशे की दवा और कैप्सूल, मेडिकल संचालक गोवर्धन प्रसाद बंछोर से दुकान के पीछे कार्टून के डिब्बे में छिपाकर रखे दवा रखा हुआ था। जिसमें 11 डिब्बा, नशे का 17 डिब्बा और बेचे गई रकम 6600 रुपए बरामद किया। घटना में उपयोग किए गए एक्टिवा को पुलिस ने जब्त किया है।

### ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** स्कार्पियों चालक ने दरवाजा खोलते ही बाइक सवार ट्रेलर की चपेट में आने से मौत होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शांति पारा कैम्प 1 निवासी हेमंत कोशरिया अपनी बाइक से दुर्ग की ओर जा रहा था। इस दौरान मेनोनाइट चर्च के पास एक स्कार्पियों सड़क के बीचो बीच खडी थी। उसके किनारे ट्रेलर निकल रहा था। तभी बाइक सवार दोनों के बीच से बाइक सवार हेमंत भी निकल रहा था। इस दौरान स्कार्पियों चालक ने जोरदार अपना ड्राइवर ओर का दरवाजा खोलने से बाइक सवार टकरा कर ट्रेलर के चपेट में आ गया। घटना में उसकी मौके पर मौत हो गई। स्कार्पियों चालक ने बाइक सवार को बीएम शाह अस्पताल उपचार कराने लेकर गया था। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। हेमंत भिलाई सिक्योरिटी एजेंसी का संचालक था। घटना की शाम अपने कर्मियों का पेमेंट करने के लिए 70 हजार रुपए कैश लेकर घर से निकला था। घटना के बाद से हेमंत के गले का चैन और 70 हजार रुपए कैश भी परिजनों को नहीं मिल पाया है। मृतक के तीन बच्चे है। मृतक कई सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करता था। परिजनो का आरोप है कि यह हादसा नहीं है इसकी पुलिस को निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए सुपेला शास्त्री अस्पताल भेज दिया।

---

**बैठक : समय-सीमा की बैठक लेकर कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिए निर्देश**

# आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में निष्पक्ष, एवं शातिपूर्ण चुनाव कराने एवं उचित व्यवस्था करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मंगलवार देर शाम समय सीमा की बैठक ली । बैठक में उन्होंने बताया में छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव होना है, जिसे लेकर निर्वाचन आयोग तैयारी में जुटा है।

श्री शर्मा ने सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्रों का भ्रमण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में उन्होंने मतदान केन्द्रों में फर्नीचर, बिजली व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, शेड, शौचालय, व्हील चेयर, समेत कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। वहीं निर्वाचन के दौरान जिले में चेकपोस्ट स्थापित किये गये हैं। इन चेक पोस्ट में मंदिरा के अवैध परिवहन और 50 हजार से अधिक नगद राशि की जांच, निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को दिए जाने वाले प्रलोभन सामग्री की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं चुनाव के चलते निवार्चन कार्य की प्राथमिकता को देखते हुए विशेष परिस्थिति को छोड़कर अवकाश में भी प्रतिबंध लगाए गए हैं।

उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं वाईफाई के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में विद्युत व्यवस्था एवं जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सभी ज़िला अधिकारियों से शासकीय वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर्मी, पुलिस अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर सहित अन्य अधिकारी मतदान कर सकते हैं। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा" के रूप में अधिसूचित किया गया है। अब मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) से वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाएगी। आयोग ने गत दिवस अधिसूचना जारी कर आयोग द्वारा प्राधिकृत पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। बैठक में जिलाधीश ने 28 मार्च को होने वाले वृहद मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी ली और कार्यक्रम के लिए लगाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों को उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए । उन्होंने आदर्श आचार संहिता को देखते हुए जिले के सभी राजनीतिक पोस्टर बैनर तुरंत हटाने के निर्देश दिये । इसके पश्चात जिलाधीश ने लोकसभा आम निर्वाचन में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली और आगामी प्रशिक्षण के लिए दिशा निर्देश दिए ।



### फसल क्षतिपूर्ति राशि समय पर भुगतान करने के निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर ने असामयिक ओलावृष्टि से हुए किसानों के फसल क्षति की बीमा राशि समय पर भुगतान करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए । उन्होंने धान रखने के लिए चबूतरा फड़ की व्यवस्था करने क्रो कहा। धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव तेज़ी से करने के निर्देश दिये। धान उठाव के लिए ज़रूरत मुताबिक़ अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था और हमाल बढ़ाकर धान उठाव की बात कही।

---

# लावातरा स्कूल में आठवी के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**बेमेतरा।** बेरला विकासखंड की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा में कक्षा छठवीं एवं कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा आठवीं के अपने विद्यार्थियों को विदाई दी। उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर स्वागत कर उन्हें पेन भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय के बारे में अपने अपने अनुभव बताए । इस अवसर पर पीके परगनिहा प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा , वरिष्ठ शिक्षक एचसी साहू, आरएस देशलहरे प्रभारी प्राचार्य हाई स्कूल लावातरा, ओपी साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला लावातरा, शिक्षकगण भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, टीआर साहू , वीणा देवी सारथी, लीलेश्वरी ठाकुर एवं हुलसी साहू ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। व्याख्याता भुवन लाल साहू हाई स्कूल लावातरा ने कहा कि जब आपके द्वारा प्राप्त की गई शिक्षा की झलक आपके व्यवहार और जीवन में दिखेगी, तभी आपकी शिक्षा सार्थक मानी जाएगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का संचालन कक्षा सातवीं के मोनिका साहू और कोमल साहू ने तथा आभार प्रदर्शन कक्षा सातवीं की छात्रा ऐश्वर्या ने किया।

---

**समाधि मेला स्थल पर स्थापित जतखाम पर चढ़ाया पालो**

# नवलपुर में जुटे वीर शहीद राजा गुरु बालकदास के अनुयाई, दी श्रद्धांजलि

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम नवलपुर में गुरु बालकदास समाधि एवं भुजबल महंत स्मारक है, जहां अनुयाइयों एवं निर्माण व्यवस्थापन समिति ने वीर शहीद राजागुरु बालकदास की 164 वीं शहादत वर्ष पर 26 मार्च मंगलवार को समाधि मेला स्थल जैत खाम में नवलपुर धाम में मेला कमेटी के संरक्षक तामेश्वर अनंत, मेला कमेटी के संयोजक सुकालु कोठारी व गुरु घासीदास सेवादार संघ के सदस्यों ने पालो चढ़ा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पूर्व ग्राम में रैली निकाली गई एवं गुरू बालकदास व सफेद झंडा के साथ भ्रमण कर समाधि मेला स्थल पहुंचे ओर जैत खाम पर पालो चढ़ाया गया। गुरू बालकदास की शहादत को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

शहादत स्मृति सभा में मेला कमेटी के संरक्षक साहेब तामेश्वर अनंत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जगह सतनामधर्म के ऐतिहासिक स्थल है। यह जगह आने वाले दिनों में निश्चित रूप से लाखों की संख्या में लोग



गुरू बालकदास, भुजबल महंत व डोला यात्रा के ऐतिहासिक वीरगाथा को याद करने देखने व सुनने के लिए आएंगे। आने वाले दिनों में लोगों के जन सहयोग से यह स्मारक विशाल रूप से बनाया जाएगा। श्री अनंत आगे कहा कि आगामी दिनों में हम सब लोग गांव गांव जाकर इस जगह का प्रचार प्रसार कर आम लोगों के सहयोग से दर्शनीय स्थल का आकार दिया जायेगा ।

### वीरगाथा डोला यात्रा के संबंध में दी गई जानकारी

सभा को सहअतिथि वक्ता मेला कमेटी के संयोजक सुकालु कोठारी ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको गुरु घासीदास सेवादार संघ के बताए हुए मार्गदर्शन में चलना चाहिए। समाज को सही राह दिखाने वाले एकमात्र संगठन जी.एस.एस है जो सच को सच एवं झूठ को झूठ बोलने का ताकत रखता है, जी.एस.एस. संगठन व इनके मुखिया लखन सुबोध ने ही इस समाज जहान को गुरू बालकदास जी का इतिहास व चित्र एवं भुजबल महंत की वीरगाथा डोला यात्रा जैसे इतिहास को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन राजेश जांगडे ने किया। शहादत स्मृति सभा में मोती सोनवानी, हरि बांधे, पंचराम बारले, रामाकांत सोनवानी, छोटेलाल बारले, विनोद बारले,अमर बांधे, भुनेश्वर महिलांगे, ज्ञानदास सोनवानी,बालकदास महिलांगे, राहुल बारले, ओमप्रकाश सोनवानी, जैनेन्द्र बारले, राजा टण्डन, मेहत्तरु बारले, थारेश मारकण्डे, नरेन्द्र टण्डन, रामजी, अजय बांधेराजेश बान्धे, मदन टण्डन, जगरतन ठण्डन, गुलाबचंद कुर्रे उपस्थित रहे। यह जानकारी हरि बांधे सहित शहादत स्मृति सभा में आस-पास के सैकडों की संख्या मे महिला पुरूष व बच्चे शामिल रहे।

---

# युवा संसद थीम पर आईटीआई में मनाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग, जिला बेमेतरा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेमेतरा के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेमेतरा में सुबह 11 से 3 बजे तक संस्था प्रागण में स्वीप योजनांतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आस पड़ोस युवासंसद' के अंतर्गत आईटीआई प्रशिक्षणार्थीयों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम नितिन शर्मा नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग द्वारा मार्गदर्शित व आयोजित किया गया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन जितेन्द्र सोनी नेहरू युवा केन्द्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आगामी चुनाव प्रक्रिया, अधिकार व कर्तब्यों पर विचार रखे गये एवं प्रशिक्षणाथीयों को निष्पक्ष मतदान हेतु प्रोत्साहित किया गया व सत प्रतिशत मतदान के साथ ही साथ अपने आस पडोस के सभी व्यक्तियों को मतदान हेतु जागरूक करने हेतु मार्ग दर्शन दिये गये। छात्रों को देश के लिए काम करने वाले नेता के चुनाव करने हेतु सुझाव प्रदाय किये गये प्रशिणाथीयों ने युवा संसद के तहत वाद विवाद प्रतियोगिता मे हिस्सा लिया एवं मतदाता जागरूगता के प्रति अपनी हिस्सेदारी निभाई एवं चुनाव गीत गा कर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अग्रिम व विशेष प्रस्तुति के लिए तुलसी राम सिंन्हा विद्युतकार, धर्मेंद्र साहु विद्युतकार मोहनी विद्युतकार चमेली कोपा, आत्माराम कोपा चंचल परिहार आईटीआई समाधान एवं प्रांजली डाइट बेमेतरा छात्रों को पुरूस्कृत किया गया।

इस अवसर पर सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय ने अपनी उपस्थिति दर्ज की, डॉ. एस. झा प्राध्यापक शा. कन्या उच्च. मा. वि., रोशन वर्मा प्राचार्य लाइवलीवुड कालेज, एस. आर. निर्मल साहयक प्राध्यापक पी.जी कालेज, हरिसिंह राणा संस्था प्रमुख शास. औ. प्रशि. संस्था, जी.पी. बर्मा प्रशि. अधि. एवं अरूणा फाटे प्रशि. अधि. एवं संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

---

# एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने शौर्य युवा संगठन के कार्यालय का किया भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के एमएसडब्ल्यू द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र एजेंसी प्लेसमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत एनवाईके दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व बी एजुकेटेड मूवमेंट संयुक्त राष्ट्र अमेरिका से संबद्ध शौर्य युवा संगठन कोड़िया के कार्यालय का भ्रमण किया।

एमएसडब्ल्यू के सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह साहू ने बताया कि शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के समाज कार्य में स्नातकोत्तर के छात्र पाठ्यक्रम के अनुसार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के अंतर्गत 20 दिनों के एजेंसी प्लेसमेंट कार्यक्रम अंतर्गत केंद्र व सम्बंधित युवा मंडलों की गतिविधियों की जानकारी ले रहे हैं। इसी क्रम में राज्य का सर्वश्रेष्ठ युवा मंडल पुरस्कार प्राप्त सामाजिक संस्था शौर्य युवा संगठन के कार्यालय का भ्रमण किया और इनकी कार्यशैली की जानकारी ली गई। एजेंसी प्लेसमेंट के दौरान फ्रीडम दौड़, जल संरक्षण, मतदाता जागरूकता, जनचौपाल, लिंग समावेशी, नुक्कड़ नाटक सहित अनेक एनवाईके दुर्ग सलाहकार समिति सदस्य एवं शौर्य संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज ने शौर्य संगठन के गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए सामाजिक क्षेत्र की चुनौतियों और तकनीकियों के सम्बंध में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान शौर्य संगठन के सहसचिव लक्ष्मी निषाद, कार्यक्रम समन्वयक व एनवाईवी यादवेंद्र साहू, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विभाग प्रभारी पंकज दीपक सहित शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के एमएसडब्ल्यू के छात्र मौजूद थे।

---

**सांड़ की आंख से बह रहा है आंसू**

# दवा व मेन पावर के अभाव में नहीं हो पा रहा सांड़ की आंख का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सांड की आंख से आंसू बह रहा है। पशु चिकित्सालय जामगांव आर के पशु चिकित्सक परेशान हैं, कि इस सांड का इलाज कैसे करें।

कोई सांड को पकड़ने और देखभाल करने वाला हो, तभी इलाज संभव है। यह बात कहते हुए जामगांव आर पशु चिकित्सालय के डॉ मुखोपाध्याय ने सांड की आंख की तकलीफ बताने वाले शख्स के हाथ में आंख में डालने वाली दवा की एक पर्ची थमा दी। इसके साथ ही कहा कि दवा को मेडिकल स्टोर्स से खरीद कर सांड की आंख में दो-तीन बार दिन में डालते रहें।

15 दिनों से आंख की तकलीफ से परेशान सांड दर दर भटक रहा है। घरों में कुछ खाने को तो मिल जाता है, परंतु आंख से टपक रहे आंसू का इलाज नहीं हो पा रहा है।



### पशु चिकित्सालय में सांड के लिए दवाई उपलब्ध नहीं

जब पूछा गया कि यह शासकीय पशु चिकित्सालय है, तो सांड की आंख के लिए दवा मिलनी चाहिए। इस पर चिकित्सालय कर्मी ने बताया कि अभी यहां अनेक दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए आपको ही दवा खरीद कर सांड की सेवा करनी पड़ेगी। अप्रैल में दवाईयां कब आएंगी, पता नहीं है। डॉक्टर ने बताया कि एक हॉटल वाले के सहारे सांड की आंख में दवाई डालने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### ब्लाक स्तर पर पशु चिकित्सालय में होनी चाहिए एक्सपर्ट मेन पावर की सुविधा

अच्छे नस्ल के पशु धन की उम्मीद लेकर धार्मिक आस्था को प्रबल करते हुए ग्रामीण सांड छोड़ते हैं, जो सर्व समाज के लिए होता है। सांड की देखभाल की जिम्मेदारी समाज की है और समाज का व्यक्ति शासकीय पशु चिकित्सालय से अपेक्षा करने लगता है, जो स्वाभाविक है। लेकिन, शासकीय पशु चिकित्सालय में दवाई का नहीं होना और सांड को पकड़ने के लिए सहयोग के अभाव विडंबना पूर्ण स्थिति निर्मित कर देती है। पशु पालक ग्रामीणों की मांग है कि ब्लाक स्तर पर शासन को कुशल प्रबंधन करना चाहिए। इससे एक्सपर्ट मेन पावर एवं पर्याप्त दवाईयां उपलब्ध हो सके।

---

**टी.बी. भगाबो, देश बचाबो नारे के साथ निकली जागरुकता रैली**

# विश्व क्षय रोग दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर नगर के शहीद अस्पताल के साथ ही पूरे एक सप्ताह अलग-अलग ग्रामों में पहुंचकर विश्व क्षय रोग दिवस के संबंध में आमजनों को जागरूक किया गया। दुनिया भर में हर साल 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय क्षय उन्मुलन कार्यक्रम द्वारा विश्व क्षय दिवस का थीम-यस वी केन एंड टीबी रखा गया है। नगर के शहीद अस्पताल में 17 से 23 मार्च तक क्षय रोग नियंत्रण सप्ताह के रूप में आयोजित किया गया।

18 मार्च को ग्राम- देवपाण्डुम, 20 को ग्राम-रजही, 21 को ग्राम भर्रीटोला, 22 को शहीद अस्पताल से रैली निकालकर वार्ड नं. 10, 11, 14, 15 की गलियों में टी.बी. भगाबो, देश बचाबो के नारे के साथ भ्रमण एवं 23 मार्च को छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ कार्यालय में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के तहत सभी जगहों पर रैली निकालकर आसपास के लोगों को नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को टी.बी. संक्रमण, टी.बी. से बचाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। टी.बी. मरीजों द्वारा भी अपने भावनाओं को व्यक्त किया गया। अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित लोगों के सवालों के जवाब दिए गए एवं टी.बी के ईलाज, सरकारी कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। नुक्कड़ नाटक शहीद अस्पताल की ट्रेनिंग सिस्टर द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे डॉ. वेद कुमार के द्वारा तैयार करवाया गया, डॉ. शैबाल जाना,मुख्य चिकित्सा अधिकारी,

शहीद अस्पताल ने कहा कि क्षय रोग के संबंध में विभिन्न प्रकार के टिप्स आमजनों को दिया गया।





---

# कॉलेजों की उत्तरपुस्तिकाओं का केंद्रीय मूल्यांकन शुरू

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा 2024 का केन्द्रीय मूल्यांकन विश्वविद्यालय में आरंभ हो गया। वर्तमान में वार्षिक परीक्षाओं के तीन पालियों में जारी रहने के कारण केन्द्रीय मूल्यांकन में लगभग 30 प्राध्यापक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे है। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष वार्षिक परीक्षाओं में लगभग एक लाख अड़तीस हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे है। इनकी लगभग 14 लाख से अधिक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है। अभी तक लगभग डेढ़ लाख से अधिक उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित हो चुकी है। केन्द्रीय मूल्यांकन में बी.कॉम तथा बीसीए की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा कराया जा रहा है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि एक अप्रैल से विश्वविद्यालय परिसर में तीन पृथक–पृथक स्थानों पर कला एवं विज्ञान संकाय की उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन आरंभ किये जाने का विश्वविद्यालय प्रशासन प्रबंधन कर रहा है। विश्वविद्यालय की आधी परीक्षाएं आयोजित हो चुकी है। 3 मई तक सम्पूर्ण परीक्षा समाप्ति हो सकती है। विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में 7 जिले आते है इन जिलों में लोकसभा चुनाव की तिथियों को ध्यान में रखते हुए विष्वविद्यालय द्वारा परीक्षा टाइम टेबल में आंशिक संशोधन करने के निर्देश कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा द्वारा दिये गये है।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गिरधारीदास मानिकपुरी जन्म शताब्दी समारोह आज

**अंडा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गिरधारीदास मानिकपुरी के जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन 28 मार्च को गृह ग्राम कुथरेल में किया जाएगा। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू व लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर 28 मार्च को सुबह 10.30 से 1 बजे तक श्रद्धांजलि सभा एवं सुर सरोज कुथरेल द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। उसके बाद चौका आरती की जाएगी।

### आदिवासी कंवर पैंकरा समाज का आदर्श विवाह कार्यक्रम 31 को

**बालोद।** आदिवासी कंवर पैंकरा समाज जिला बालोद द्वारा आदर्श विवाह का कार्यक्रम 31 मार्च को सामाजिक भवन ग्राम रेंगाकठेरा गुण्डरदेही में आयोजित किया गया है। इसके तहत सुबह 9 बजे से सामाजिक रीति-रिवाज के साथ मंडप पूजन चूरमाटी, तेलमाटी, तेलमयान, एवं बारात स्वागत शाम 4 बजे पाणिग्रहण व आशीर्वाद का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष केश कुमार ठाकुर, सचिव शेष नारायण चंद्रवंशी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नंदकुमारी, उपाध्यक्ष टिकेश्वरी कंवर, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष गोपेन्द्र सिंह चंद्रवंशी, सचिव अरुण कुमार चंद्रवंशी, संरक्षक एचएल दूधकौरव, सलाकार दशरथ प्रसाद चंद्रवंशी के साथ समाज के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### मराठा समाज की मासिक बैठक 31 को

**बालोद।** मराठा समाज की मासिक बैठक व होली मिलन समारोह का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 31 मार्च को 12 बजे से किया गया है। अध्यक्ष मराठा समाज डॉ आरएम मोरे ने मराठा समाज के सभी महिला, पुरुष बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### गंदगी देख आयुक्त ने जाहिर की नाराजगी

**भिलाई।** नपानि भिलाई-चरोदा में शनिवार को राम मंदिर भिलाई 3 के समीप अपने दैनिक विजिट के तौर पर पहुंचे निगम आयुक्त डीएस राजपूत द्वारा दुकानों और होटलों के बाहर पड़े कचरों को देख कड़ी नाराजगी जाहिर की है।
नियमित एवं निरंतर रूप से निगम सफाई विभाग द्वारा कचरा संग्रहण किये जाने के अलावा प्रतिदिन दुकानों के सामने रखे डस्टबिन से भी अनुपयोगी सामग्री इकठ्ठा करने का निर्देश दिया। निगम का स्वास्थ्य सफाई विभाग शहर को गंदगी,कचरे से मुक्त करने कार्यरत है।

## निधन

### हंसा शर्मा



**साजा।** नगर के वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद हंसा शर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया। श्रीमती शर्मा रामरतन शर्मा की धर्मपत्नी एवं शिवरतन शर्मा (राम मंदिर के पुजारी) की भाभी, भीखम शर्मा एवं शांतिलाल शर्मा की माताजी थीं।

## त्योहार : अंचल में धूमधाम से मनाई गई होली, लोगों ने फाग गीतों का लिया आनंद

# होली पर छलका उत्साह, रंगों से सराबोर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

प्रदेश में होली के पावन पर्व को लेकर लोगो में गजब की उत्साह देखने को मिलता है। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं, वहीं बच्चे और युवा दिनभर रंगों से सराबोर रहे। इस दौरान नगाड़े की धुन के बीच फाग का भी लोगों ने आनंद लिया।इसके अलावा, लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर बड़े बुजुर्गों को भी गुलाल लगाकर त्योहार की शुभकामना दी। इस दौरान ठेठरी, खुरमी, गुझिया, सलोनी, बड़ा, सुंहारी सहित अन्य व्यंजनों का आनंद लिया।

बता दें कि होली का त्यौहार एक दिन पहले रात्रिकालीन होलिका दहन से शुरू होता है। जिनके तैयारी में लोग बड़ी उत्साह से करते हैं। वहीं, होलिका दहन को लेकर अंचल सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी उत्साह से होलिका दहन किया गया। इसके अलावा लोग चौंक-चौराहों में भी होलिका दहन का कार्यक्रम



का आयोजन किया गया। जिसमें मोहल्ले व ग्रामीण बढ़-चढ़कर इस अवसर पर सम्मिलित हुए। बता दें कि होलिका दहन के लिए बच्चे, नवजवान, युवक युवती एवं बुजुर्गों ने लकड़ी, पैरा, गोबर के कंडे जमा किए गए, जिन्हें जला कर होलिका दहन किया गया। इसी दौरान लोग परंपरा व मान्यताओं को लेकर एक मुट्ठी चावल लिए होलिका दहन में द्वेष व बुराईयों की आहुति देते हुए परिक्रमा की। साथ ही ढोल-नगाड़े बजा कर होली की गीतों से सुषोभित कर झूमते नाचते दिखाए दिए। ग्राम की महिलाओं का मानना है कि होलिका दहन नव विवाहिता महिलायों के लिए शुभ माना जाता है। जिनके परिक्रमा कर सुखमय जीवन की कामना करते है। बताया जाता है कि होलिका दहन के दिन महिलाएं अरंडी के पेड़ को भक्त प्रह्लाद के स्वरूप मान कर पूजा करती है। इसी तरह होलिका दहन को लेजर अंचल में धूमधाम से मनाया गया। वही सुबह होते ही लोग होलिका दहन के राख को अपने घर मे लाते है। इसी राख से घर के सभी सदस्यों को तिलक लगाया गया।

## स्कूलों में शिक्षकों ने बताया होली का महत्व, एक-दूसरे को लगाया गुलाल



**बेरला।** होली के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल में जमकर होली खेली गई। ब्लॉक व विकासखण्ड बेरला सहित शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मनियारी, परपोड़ा, सिंघौरी, सलधा, बारगांव, कोदवा, मोहभट्ठा, कुसमी, देवादा, देवरी, घटियाकला, गोड़गिरी, उफरा, खम्हरिया एम, रेवे, भिंभौरी आदि विद्यालय में होली खेल में एक-दूसरे को जमकर रंग गुलाल लगाकर हैप्पी होली की बधाई व शुभकामाएं दी गईं। इस होली में बच्चे व शिक्षक सभी रंगों के रंग में कोई हरे, लाल, पीले जैसे रंग बिरंगे चेहरे में दिखाए दिए। वही बच्चों ने शिक्षक को रंग लगाकर आशीर्वाद लिया। बता दें कि होली की उत्साह से पूरा शाला परिवार सराबोर से सभी के चेहरे दमक रहे थे। शासकीय प्राथमिक शाला मनियारी से सहायक शिक्षक भारत राम साहू, पूर्व माध्यमिक शाला से सहायक शिक्षक पटेल, संकुक समन्वयक दुर्गा दास चेलक ने कहा कि होली रंग के पावन पर्व है जिसमें लोग अपनेपन का एहसास होता है। इस होली में बुराईयों को भुलाकर अच्छाईयों को अपनाते है। होली भाईचारे, साम्प्रदायिक सौहार्द्र से मनाने चाहिए। होली पर्व सामाजिक समरसता को मजबूत बनाती है। वही शाला परिसर में बच्चे एक दूसरे को रंग लगाकर नाचते-झूमते व थिरकते हुए धूमधाम से होली मनाया गया।

## घिवरी स्कूल में बच्चों ने शिक्षकों को लगाया गुलाल, लिया आशीर्वाद

**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी में होली त्यौहार को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने फाग नृत्य व गायन भी प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने बच्चों को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी और नन्हें मुन्ने बच्चों ने बड़े प्रसन्नचित्त भाव से शिक्षकों को गुलाल लगाया।

■ धूमधाम से मनाई गई होली



होली पर्व की खुशी बच्चों के मुस्कुराते चेहरों पर साफ झलक रही थी। प्रधान पाठक पंचराम साहू ने बताया कि होली भारत का एक प्रमुख त्यौहार है, इसे अन्य देशों में भी बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य लोगों के मध्य समानता की भावनाओं को बढ़ावा देकर प्रेम, खुशी और सद्भावना का प्रचार करना भी है। भक्त प्रहलाद की कहानी बताते हुए बच्चों को बताया कि होलिका दहन बुराई को खत्म कर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। शिक्षकों ने बताया कि भक्त प्रहलाद के जीवन की तरह हमारे जीवन में भी कई प्रकार के उतार-चढ़ाव आते हैं, तब हमें बिना विचलित हुए पूर्ण आत्मविश्वास से दृढ़संकल्पित होकर उनका सामना करना चाहिए। जिससे हमारा जीवन रंग-बिरंगे रंगों की तरह खुबसूरत और प्रकाशमय बन जाता है। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी के प्रधान पाठक पंचराम साहू, शिक्षक मनोज कुमार कश्यप, लोकेश्वर दास मानिकपुरी, उषा पाटकर कर्मचारी अनल सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में धूमधाम से मनाई गई होली

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में होली उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। होली उत्सव में नगाड़े की धुन में बच्चों द्वारा आकर्षक फाग गीत गाया गया। बच्चों को होलिका दहन क्यों होता है तथा होली उत्सव क्यों मनाया जाता है इस विषय पर शिक्षकों ने जानकारी दी। शिक्षिका विधि शर्मा ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम स्नेह का पर्व है अपने अंदर की बुराई दुर्गुणों को दूर कर अच्छाई एवं अच्छे विचारों को आत्मसात करने का पर्व है। साथ ही होली प्यार और भाईचारे का त्यौहार है, यह भी बताया गया। कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम की सरपंच लोकेश्वरी वर्मा ने न्योता भोज कराया। इसमें बच्चों को भजिया एवं जलेबी खिलाई गई। कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक ललित कुमार निर्मलकर शिक्षिका विधि शर्मा, सीमा सोनी सरपंच प्रतिनिधि चित्रेंद्र वर्मा, मितानिन पार्वती यदु, कमला साहू, पंचवती सहित अन्य अभिभावक ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



### खैरझिटी कला स्कूल में मना होली मिलन समारोह

**बेमेतरा।** तहसील मुख्यालय से 10 किमी दूर ग्राम खैरझिटी कला के शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षकों एवं बच्चों ने होली त्यौहार के अगले दिन यानी मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ होली खेली। बच्चों ने शिक्षकों को और शिक्षकों ने बच्चों के माथे एवं चेहरे पर रंग गुलाल लगाकर खुशियां बटोरी और बच्चों में भी उत्साह उमंग भरा रहा। होली मिलन अवसर पर संकुल समन्वयक आनंद ताम्रकार, एस.बी.साहू, मनहरण नेताम, भूषण साहू, प्रधान पाठक रामकुमार वैस्णव, दुर्गेश श्रीवास, अगमदास मार्कण्डेय,देवचरण साहू, कुलेश्वर पटेल,डाकवर पटेल,आदि शिक्षक और पालक उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ी स्वादिष्ट व्यंजन लेकर स्कूल पहुंचे सैगोना के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में होली त्यौहार मनाने के बाद दूसरे दिन बच्चे छत्तीसगढ़ी परिधान में शाला आए और साथ में छत्तीसगढ़ी

■ छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परम्परा से अवगत कराने किया गया नवाचार



स्वादिष्ट व्यंजन ठेठरी, खुरमी, सोहारी, गुलगुला भजिया, बरा, चीला चौसेला, अइरसा, गुजिया, कुशली, नमकीन आदि लेकर लाये।

नवाचारी शिक्षिका हिमकल्याणी सिन्हा बच्चों को समय समय पर छत्तीसगढ़ के संस्कृति परम्परा से अवगत कराते ही रहती है, छत्तीसगढ़ी खान पान तथा पकवानों का सांस्कृतिक मूल्य है, विभिन्न पर्व में देवताओं को अलग अलग पकवानों का भोग चढ़ाते हैं, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की सादगी, ताज़गी, स्वाद सभी जगह प्रसिद्ध है। हर मौसम में अलग अलग व्यंजन का महत्व है।

शिक्षिका हिम कल्याणी सिन्हा ने बच्चों को जीवन में त्यौहार का महत्व बताई, पर्व त्यौहार के अवसर पर लोग दुःख कष्ट भूलाकर जीवन में उल्लास और ख़ुशी उत्पन्न करने के लिए पर्व त्यौहार मनाते है। छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक जीवन में परम्परा कला क्षेत्रीय त्यौहार और मेले और मनोरंजक सांस्कृतिक उत्सव के विभिन्न रूप शामिल है, संस्कृति परम्पराओ से, विश्वासों से, जीवन की शैली से, आध्यात्मिक पक्ष से, भौतिक पक्ष से से निरंतर जुड़ी है। सभी बच्चे शिक्षिका के मार्गदर्शन में व्यंजनों का प्रदर्शन किये, बारी बारी से नाम बताये। अंत में सभी बच्चें शाला में एक साथ बैठकर स्वादिष्ट व्यंजन खाने का आनंद लिए। बच्चें छत्तीसगढ़ी करमा गीत में प्रस्तुति दिए। सभी बच्चों को प्रोत्साहित भी किये।

### होली में हुड़दंगियों ने मचाया उत्पात मामूली विवादों पर चला चाकू-ब्लेड

**बालोद।** जिले में होली त्योहार के बीच एक-दो थाना क्षेत्र को छोड़ बाकी अन्य थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटना सामने आई है। कहीं हाथ मुक्के से तो कही बेल्ट तथा डंडे व टंगिया से हमला किया गया है। ग्राम सरेखा और तमोरा में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। पुलिस ने सभी मामलों में अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। ग्राम सरेखा में एक व्यक्ति ने एक युवक के सिर, कंधा तथा पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। जबकि ग्राम तमोरा में नगाड़ा बजाने के विवाद में एक युवक द्वारा जबड़े में चाकू से हमला किया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्राम तरौद निवासी रितु निर्मलकर ने अपनी जेठानी लेखिन निर्मलकर पर टंगिया से हमला करने का आरोप लगाया है। रितु निर्मलकर ने बताया कि बच्चा पानी खेल रहा था, इस दौरान जेठानी बच्चे को गाली गलौज कर रही थी, जिसे मना किया तो जेठानी लेखिन निर्मलकर ने रितु निर्मलकर के सिर पर हमला कर दिया।

## समेसर स्कूल में मनाया गया अंगना में शिक्षा का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। अंगना म शिक्षा 4.0 मार्च महीने के अंतर्गत कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों के साथ-साथ उनकी माता को भी स्कूल आमंत्रित कर विविध आयोजन किया गया। इसमें रिंग फंसाओं नाम बताओ, गोटा संग गणित जैसे स्पर्धाएं हुई। इस गतिविधि में बच्चों में 1 से 50 तक गिनती और पहाड़े की अवधारणा और समझ विकसित होता है। प्रधान पाठिका साधना साहू ने मास्टर ट्रेनर के रूप में बहुत सी गतिविधियां कराई।

बच्चों की शिक्षा में माता की जागरूकता को बढ़ावा देना ही इस योजना का उद्देश्य है। घरेलू काम के साथ-साथ खेल-खेल में बच्चों को सिखाना, स्कूल एवं समुदाय के बीच के तालमेल को और बढ़ावा देना, तथा बच्चों की शिक्षा के लिए पूर्व तैयारी करना, ताकि बच्चे अगली कक्षा में आसानी से जा सके। विद्यालय की प्रधान पाठिका साधना साहू ने बताया पूर्व प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों की उचित देखभाल, पोषण और सर्वांगीण विकास बहुत महत्वपूर्ण रहता है। बच्चों के स्कूल में प्रवेश के अभिभावक विशेषकर माताएं ही बच्चों के लिए शिक्षक जैसी भूमिका निभाती है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठिका साधना साहू, शिक्षिका गोपेश्वरी साहू, शिक्षक दिलीप कुमार, पूर्व माध्यमिक विभाग की प्रधान पाठिका अलका मेश्राम तथा अभिभावक के रूप में सीता, सावित्री, दरस मृचंडे, लीला कुमारी प्रेमिन आदि माताएं उपस्थित थी।







